1 मीटर उतरी चम्बल, नदुआपुरा में पुजारी सहित 26 किए रेस्क्यू

जलस्तर उतरने के बाद कीचड़ से बीमारियां फैलने का खतरा, क्वारी नदी की बाढ़ से सिकरवारी क्षेत्र में दर्जनों गांवों की विद्युत सप्लाई ठप

नवभारत न्यूज

मुरैना, 31 जुलाई । राजस्थान व श्योपुर में तेज बारिश के चलते कोटा बैराज, पार्वती व कालीसिंध नदियों का पानी चंबल नदी में आने से नदी का जलस्तर बढ़ा और खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया। गुरुवार की शाम छह बजे तक चंबल नदी का जल स्तर पहले से 1 मीटर कम हुआ है। लेकिन अभी भी खतरे के निशान से 4 मीटर ऊपर 142 मीटर पर चल स्तर है। उधर कोटा बैराज से 2600 क्यूसेक पानी और छोड़ा गया है। जिसके चलते शुक्रवार की सुबह तक जल स्तर फिर बढ़ सकता है। वहीं नदुआ पुरा से पुजारी एवं देवगढ़ थाना क्षेत्र के बरवासिन गांव से 26 लोगों को रेस्क्यू करके निकाला गया, उनको राहत कैंप में ले जाया गया हैं।

राहत कैपों में रेस्क्यू कर निकाले गए लोगों के लिए भोजन व्यवस्था की जा रही है। इलाज के लिए चिकित्सक तैनात किए गए हैं। क्वारी नदी की बाढ़ में बिजली की लाइन आने पर करीब आधा सैकड़ा गांवों की बिजली सप्लाई बंद कर दी है।

चंबल नदी की रफ्तार थमने से ग्रामीणों को कुछ राहत मिली है लेकिन खतरा अभी टला नहीं हैं। 36 गांव अभी भी पानी से घिरे हुए हैं। जिले भर में पांच राहत कैंप लगाए गए हैं। अभी तक करीब 500 लोगों को बाढ़ प्रभावित गांवों से राहत कैंपों में ले जाया जा चुका है। इनमें से 38 लोग ऐसे हैं जिनको रेस्क्यू करके निकाला गया है। चंबल का जल स्तर भले ही कम हुआ है लेकिन गांवों-घरों में भरे कीचड़ से बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है।

क्वारी नदी में बाढ़ 50 गांवों की बिजली सप्लाई बंद

क्वारी नदी की बाढ़ के पानी में बिजली के खंबों के डूबने से विद्युत विभाग द्वारा एहतियातन आधा सैकड़ा से अधिक गांवों में विद्युत सप्लाई को बंद कर दिया है। इन गांवों में लौहरी का पुरा, विंडवा, बराहना, गुढ़ा चंबल, नंदपुरा, पंचमपुरा आदि शामिल है। चंबल-क्वारी, सोन व आसन नदियों में उफान आने से हजारों बीघा जमीन में बोई गई बाजरा की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है।

किसरोली मंदिर में घुसा चंबल नदी में आई बाढ़ का पानी : चंबल में आई बाढ़ ने सिद्ध क्षेत्र किसरोली धाम में नदी के किनारे के नजदीक स्थित मंदिरों को अपनी चपेट में ले लिया है। यह मंदिर पूरी तरह से जलमग्न हो गए है।

दीवार तोड़कर घर में रखे 1.20 लाख नकदी-जेवरात चुराए

नवभारत न्यूज

मुरैना/अंबाह, 31 जुलाई । अंबाह थाना क्षेत्र के बर का पुरा गांव में रहने वाले जगन्नाथ कुशवाह के घर से चोर 3 लाख रुपए की नकदी और नकद चोरी कर ले गए। चोरों ने बड़ी सफाई से पहले घर की पिछली दीवार में लगी ईंटों को सरिए से निकाला और एक-एक कर ईंट बाहर निकालकर घर में अंदर घुसने की जगह बनाई। इसके बाद मुख्य कमरे की अलमारी में रखा सोने का हार, एक लाख बीस हजार रुपए नकद सहित 3 लाख का माल लेकर रफूचक्कर हो गए। गृहस्वामी की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

दीवार में लगी ईंटों को सरिए से निकालकर घर में घुसने की जगह बनाई

छौंदा में नदी किनारे बनाया जाए पिकनिक स्पॉट-बोट क्लब : गुर्जर

नवभारत न्यूज

मुरैना, 31 जुलाई । विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर ने सदन में विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बड़ी पड़ी अनुदानप्राप्त शालाओं को चालू करने सहित नवीन शालाएं खोले जाने की मांग की। उन्होंने सदन में विभिन्न गांवों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण, सामुदायिक भवन, पंचायत भवनों का निर्माण कराए जाने की मांग सरकार के समक्ष उठाई। जिनमें मुरैना शहर के वार्ड-44 छौंदा में आसन नदी के पास पिकनिक स्पॉट विकसित कर बोट क्लब बनाए जाने की मांग प्रमुख थी।

मुरैना विधायक ने विस में सड़क, स्कूल सहित मूलभूत सुविधाओं के मुद्दों को उठाया

सदन में विधायक श्री गुर्जर ने कहा कि विसैंठा, विजयपुरा, नाऊपुरा, गिरगोनी, घुरैयापुरा, छर्रा का पुरा, मुरैना शहर के अंतर्गत सवितापुरा में अनुदानप्राप्त शालाओं के बंद होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। उन्होंने भवन विहीन अनुदान प्राप्त शालाओं के भवन निर्माण कराने औरा शिक्षकों की व्यवस्था किए जाने की मांग की। सदन में विधायक श्री गुर्जर ने कहा कि मुरैना शहर में नागरिकों के लिए घूमने और पिकनिक मनाने के लिए कोई उपयुक्त स्थान नहीं है। नागरिकों के मनोरंजन के लिए नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड-44 छौंदा में आसन नदी के पास बोट क्लब, आधुनिक जिम, पार्क विकसित किए जाने की मांग उठाई। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने वाली सड़कों का निर्माण कराने, नल-जल योजना के अधूरे पड़े कार्यों को पूरा कराए जाने, नाका, बसहरी, रिठौराकलां, बड़वारी, नौगांव पंचायतों में पंचायत भवन का निर्माण कराने की मांग भी सदन में की।

संजीवनी क्लीनिक से लोगों को मिलेगी उपचार की सुविधा :पद्मेश

मुरैना/जौरा, 31 जुलाई । जुकाम, बुखार सहित अन्य सामान्य बीमारियों के लिए अब कस्बा जौरा के लोगों को सिविल हॉस्पीटल तक नहीं जाना पड़ेगा। संजीवनी क्लीनिक से उन्हें सामान्य बीमारियों में उपचार की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। यह बात सीएमएचओ डॉ. पदमेश उपाध्याय ने कही। डॉ. उपाध्याय और नपा जौरा के अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने गुरूवार को संयुक्त रूप से संजीवनी क्लीनिक का उद्घाटन किया। डॉ. उपाध्याय ने कहा कि नपाध्यक्ष डॉ. माहेश्वरी द्वारा आमजन की सुविधा के लिए संजीवनी क्लीनिक खोले जाने की मांग की गई थी। उनकी मांग पर जनसुविधा के लिए आज क्लीनिक का उद्घाटन किया गया है। इस अवसर पर डॉ. हरेन्द्र दिनकर, बीएमओ डॉ. आरएस सैमिल, डॉ. अजय गोयल, एसपी श्रीवास्तव, डीपीएम महेश गर्ग, डॉ. प्रमोद मिश्रा, डॉ. वीर सिंह खरे, डॉ. अनिल राजपूत, डॉ. हरिओम मीणा, अर्पित पाराशर, एडवोकेट दिनेश सिकरवार, अनुज सिकरवार आदि उपस्थित थे।

सांसद तोमर ने 2 नए शव वाहनों को दिखाई हरीझंडी

नवभारत न्यूज

मुरैना, 31 जुलाई । लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मुरैना जिले को दो शव वाहन उपलब्ध कराये गये हैं। प्रदेश में राज्य शासन द्वारा संचालित शासकीय संस्था में रोगियों या दुर्घटना में पीड़ित के उपचार के दौरान मृत्यु होने पर मृतक को निवास स्थल पर नि:शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से शव वाहन सेवा का संचालक किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय से घर तक शव को पहुंचाने की नि:शुल्क सुविधा रहेगी।

मुरैना-श्योपुर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने बुधवार को शव वाहनों को हरी झण्डी दिखाई। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. पद्मेश उपाध्याय, सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर, आरएमओ डॉ. डीएस यादव उपस्थित थे।

मोक्ष सप्तमी पर हुआ पार्श्वनाथ महामंडल विधान का आयोजन

नवभारत न्यूज

मुरैना/अंबाह, 31 जुलाई । परेड दिगंबर जैन मंदिर अंबाह में मोक्ष सप्तमी महोत्सव के मौके पर जैनधर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस को अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए और भगवान के चरणों में भावांजलि समर्पित की।

अंबाह के परेड दिगंबर जैन मंदिर में पूजन-अभिषेक में उमड़े श्रद्धालु

इस अवसर पर आयोजित पार्श्वनाथ महामंडल विधान का संगीतमय पूजन-विधान एवं अभिषेक प्रात: 7 बजे प्रारंभ हुआ, कार्यक्रम का संचालन प्रतिष्ठाचार्य पं. मनोज शास्त्री ने किया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने पारंपरिक पोषाकों में भगवान पार्श्वनाथ के महामंडल की अर्चना, जलबिंदु अभिषेक एवं द्रव्य पूजन किया। मंदिर परिसर को रंगीन पताकाओं, वंदनों, पुष्प मालाओं और दीपकों से अलंकृत किया गया था। अध्यक्ष अमित जैन टकसारी, महामंत्री कुलदीप जैन, सन्तोष जैन ने बताया कि मोक्ष सप्तमी, जैन धर्म का एक महत्वपूर्ण दिवस है, जब तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। इस दिन को आत्म शुद्धि, साधनाए उपवास और भक्ति के रूप में मनाया जाता है। भगवान पार्श्वनाथ के जीवन, तपस्या और मोक्ष की स्मृति में यह दिन जैन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। समापन पर पार्श्वनाथ भगवान की आरती और मंगलाचरण के साथ सभी श्रद्धालुओं ने प्रभु से कल्याण, शांति और सम्यक मार्ग पर अग्रसर होने की प्रार्थना की।

खाद-बीज दुकान से 1.60 लाख, सीसीटीवी की डीवीआर चोरी

नवभारत न्यूज

मुरैना/सबलगढ़, 31 जुलाई । कस्बे की चंबल कॉलोनी में खाद-बीज की दुकान में लगा शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात 1.60 लाख रुपए नगद ले गए। इतना ही नहीं चोर दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी निकालकर ले गए।

कस्बा सबलगढ़ की चंबल कॉलोनी में हुई चोरी की घटना

जानकारी के अनुसार विजय सिंह मीणा 33 निवासी ग्राम बत्तोखर वर्तमान में अमर सिंह मीणा के चंबल कॉलोनी स्थित मकान में किराए से रहते हैं। वह रोज की तरह अपनी खाद-बीज की दुकान बंद करके घर चले गए थे। गुरुवार सुबह अगले दिन दुकान शटर खोला तो अंदर काउंटर में रखी नकदी गायब मिली। दुकानदार विजय मीणा ने बताया कि कल 94 हजार 800 रुपए अतरा रावत खोह, 5200 रुपए मोबाइल पर फोन करके मंगाए थे। वहीं शेष 65 हजार रुपए दुकानदारी के गल्ले में रखे थे। चोरी की सूचना पर सबलगढ़ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर गायब मिली। सबलगढ़ पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

सेवानिवृत्ति पर नेत्र सहायक त्यागी को दी भावभीनी विदाई

मुरैना/जौरा, 31 जुलाई । सिविल हॉस्पीटल जौरा में 38 सालों तक सेवाएं देने के बाद नेत्र सहायक रामहेत त्यागी 31 जुलाई को अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हो गए। अस्पताल के कर्मचारी एवं अधिकारियों ने उन्हें समारोहपूर्वक भावभीनी विदाई दी। समारोह में सीएमएचओ डॉ. पद्मेश उपाध्याय मुख्य रूप से उपस्थित थे। समारोह में सीएमएचओ डॉ. उपाध्याय ने नेत्र सहायक रामहेत त्यागी के कार्यकाल की भरपूर सराहना की। उन्होंने अन्य कर्मचारियों से श्री त्यागी के कार्यकाल से प्रेरणा लेने को कहा। बीएमओ डॉ. सैमिल ने कहा कि नेत्र शिविर और अंधत्व निवारण कार्यक्रम में नेत्र सहायक त्यागी का अभूतपूर्व योगदान रहा है। कार्यक्रम को डॉ. रवि माहेश्वरी, राधामोहन शर्मा, डॉ. मनोज त्यागी, डॉ. राजेश शर्मा, कमलेश दुबे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कुशवेन्द्र सिकरवार, डॉ. अनिल राजपूत, हरीओम मीणा, हरेन्द्र दिनकर, संजय शर्मा, एमएल यादव, मुकेश त्यागी, जगदीश शुक्ला, देवेश सक्सैना आदि उपस्थित थे।

दो फर्मों के बीच जांच में अमानक मिले, प्रतिबंध लगाया

मुरैना, 31 जुलाई । उप संचालक कृषि अनंत सड़ैया के मार्गदर्शन में बीज गुण नियंत्रण आदेश के अनुसार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जौरा द्वारा कई फर्मो से बीज के नमूने लिए गए। जिसे विश्लेषण हेतु बीज परीक्षण प्रयोगशाला मुरैना भेजा गया। जिसका विश्लेषण उपरांत बीज परीक्षण प्रयोगशाला मुरैना ने बीज अमानक स्तर का पाया गया। उप संचालक ने दो फर्मो मैसर्स कान्हा कृषि सेवा केंद्र जौरा और मैसर्स न्यू मां जय देवी बीज भंडार अटेर रोड पोरसा पर बिकने वाले बीजों के क्रय-विक्रय और परिवहन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

स्व. भानु प्रताप की स्मृति में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा

नवभारत न्यूज

कैलारस, 31 जुलाई । कहते हैं इस दुनिया से जाने के बाद व्यक्ति की यादें धीरे-धीरे धूमिल हो जाती है परंतु अगर उसको यादों में सहेज के रखना है तो उसके नाम से कुछ परमार्थ किया जाए तो वह हमारी स्मृति में सदैव जीवंत रहता है, इसी बात को चरितार्थ करते हुए बीपीएस शिक्षा समिति और वेदांत हॉस्पिटल ने स्व. भानु प्रताप सिंह शुक्रवार की जयंती के अवसर पर कैलारस में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर यह कर दिखाया, इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हॉकी इंडिया के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर (रामू भैया) थे, स्वास्थ्य शिविर के संयोजक कुं सौरभ सिंह सिकरवार संभाग अध्यक्ष श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने बताया कि शिविर भानु प्रताप सिंह के चित्र पर बीपीएस शिक्षा समिति के बृजराज सिंह सिकरवार प्राचार्य और वेदांत हॉस्पिटल के चेयरमैन रामवीर सिंह जादौन के द्वारा माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया, जिसमें वेदांत हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सभी मरीजों का बारी-बारी से चेकअप कर इलाज किया गया एवं उन्हें जरूरी जांच कराई गई तत्पश्चात उनको दवाई वितरित की गई।

868 लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अंजना ब्रजेश बंसल व डॉ एस.आर. मिश्रा बीएमओ थे, वीरेश कुशवाहा थाना प्रभारी, जितेंद्र सिंह सिकरवार प्रदेश प्रभारी करणी सेना, महेंद्र सिंह सिकरवार, सोनू परमार जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा मनोज सिंह सिकरवार, कुलदीप भदोरिया, पंकज गुप्ता, दिलीप धाकड़, अनिल गुप्ता, आशु महादेवा, आशीष सिकरवार, कल्ला सिकरवार, मुकेश गुर्जर, सुनील त्यागी, सोनू सिकरवार, सियाराम गुर्जर, रामकुमार गुर्जर, देशराज धाकड़, धर्मेंद्र सिकरवार, निगम सिकरवार, महेंद्र सिकरवार, पवन परमार, विक्की जैन, अजय बंसल, आशुतोष गौर, रवि सिंघल, शैलेंद्र जादौन एवं वेदांत हॉस्पिटल से आदित्य जादौन, चक्रेश भदोरिया आदि उपस्थित रहे।

आम सूचना

श्रीमती मालती पत्नी श्री राजवीर सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र. डी-2/23 एवं डी-2/24 स्थित टी.आई.टी. कॉलोनी, ग्राम जौरी, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.492, 451, 452, 483, 485, 491, 493, 497, 502 एवं 503 ग्राम जौरी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1080 वर्गफुट है और चतुंसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-भूखण्ड क्र.डी-2/10, पश्चिम में-रास्ता 10 फुट चौड़ा, उत्तर में-भूखण्ड कॉलोनी एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र.थी-2/22 है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्री साहब सिंह एवं श्रीमती मिथलेश शर्मा पत्नी श्री जगदीश शर्मा के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती सुनीता देवी द्वारा सम्पत्ति 1080 वर्गफुट एरिया श्री राकेश पुत्र श्री पंचम सिंह एवं श्री भूरा पुत्र श्री पृथ्वी सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. 1949 दिनांक 04.07.2007 से विक्रय की गई। श्रीमती मिथलेश शर्मा द्वारा सम्पत्ति 540 वर्गफुट एरिया श्री राकेश पुत्र श्री कंचम सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.3182 दिनांक 22.08.2007 से विक्रय की गई। श्री राकेश द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती मालती पत्नी श्री राजवीर सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.8265 दिनांक 16.02.2010 से विक्रय की गई। श्रीमती मालती द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस कं. लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - मकान नं. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.),
मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्रीमती बैजंती राठौर पत्नी स्व. श्री अमर सिंह, श्री श्यामवीर सिंह, श्री रामवीर सिंह राठौर पुत्रगण स्व. श्री अमर सिंह राठौर एवं अनीता राठौर पुत्री स्व. श्री अमर सिंह राठौर के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम बड़ोखर, मुक्तिधाम महाकालेश्वर मंदिर के पास. अम्बाह रोड से दूर, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.02 (महाकाल वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.954/1/32, 1330/1 एवं 3331/1मिन ग्राम बड़ोखर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 2000 वर्गफुट है और चतुंसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-नरूआ, पश्चिम में-भूखण्ड दीगर, उत्तर में-भूखण्ड सुमन शर्मा एवं दक्षिण में-रास्ता 20 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री कालीचरण पुत्र श्री गेंदालाल वर्मा एवं श्री मोहनलाल पुत्र श्री रघुवर दयाल वर्मा द्वारा श्री सुशील कथुरिया पुत्र श्री महेन्द्र कथुरिया को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.3816 दिनांक 08.09.2006 से विक्रय की गई। श्री सुशील कथुरिया द्वारा सम्पत्ति 3000 वर्गफुट एरिया श्रीमती रानी गुप्ता पत्नी श्री अतुल गुप्ता, श्रीमती सुमन शर्मा पत्नी श्री राधामोहन शर्मा एवं श्रीमती वर्षा डंडौतिया पत्नी श्री प्रदीप डंडौतिया को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 25792023ए12281633 दिनांक 21.08.2023 से विक्रय की गई। श्रीमती रानी गुप्ता एवं श्रीमती वर्षा डंडौतिया द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती प्रभा पत्नी श्री अशोक सिंह गहलोत को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 21 आईजीआर 17912025 ए100186834 दिनांक 31.03.2025 से विक्रय की गई। श्रीमती प्रभा द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस कं. लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - मकान नं. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.),
मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्रीमती प्रभा पत्नी श्री अशोक सिंह गहलोत के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम बड़ोखर, मुक्तिधाम महाकालेश्वर मंदिर के पास. अम्बाह रोड से दूर, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.02 (महाकाल वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.954/1/32, 1330/1 एवं 3331/1मिन ग्राम बड़ोखर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 2000 वर्गफुट है और चतुंसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-नरूआ, पश्चिम में-भूखण्ड दीगर, उत्तर में-भूखण्ड सुमन शर्मा एवं दक्षिण में-रास्ता 20 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री कालीचरण पुत्र श्री गेंदालाल वर्मा एवं श्री मोहनलाल पुत्र श्री रघुवर दयाल वर्मा द्वारा श्री सुशील कथुरिया पुत्र श्री महेन्द्र कथुरिया को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.3816 दिनांक 08.09.2006 से विक्रय की गई। श्री सुशील कथुरिया द्वारा सम्पत्ति 3000 वर्गफुट एरिया श्रीमती रानी गुप्ता पत्नी श्री अतुल गुप्ता, श्रीमती सुमन शर्मा पत्नी श्री राधामोहन शर्मा एवं श्रीमती वर्षा डंडौतिया पत्नी श्री प्रदीप डंडौतिया को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 25792023ए12281633 दिनांक 21.08.2023 से विक्रय की गई। श्रीमती रानी गुप्ता एवं श्रीमती वर्षा डंडौतिया द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती प्रभा पत्नी श्री अशोक सिंह गहलोत को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 21 आईजीआर 17912025 ए100186834 दिनांक 31.03.2025 से विक्रय की गई। श्रीमती प्रभा द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस कं. लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - मकान नं. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.),
मो.नं. 98276-72710